केन्द्रीय सूचना आयोग
बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका
नई दिल्ली - 110067.

******

दिनांक: 07.12.2018

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2018/307

संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2018/00269
CICOM/R/2018/00985

अपीलकर्ता : श्री धीरज मोहनिया,
63/5, परदेशीपुरा, इंदौर,
मध्य प्रदेश – 452003.

निर्णय की तारीख : 07.12.2018

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 01.10.2018 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 13.11.2018 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री के. एल. दास |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 19.11.2018 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 534/26.11.2018 (5620/22.11.2018) |

1. अपीलकर्ता द्वारा दिनांक 01.10.2018 के आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से द्वितीय अपील आदेश सं. CIC/WB/A/2007/01258 की प्रमाणित प्रति की मांग की गई थी । अपीलकर्ता ने प्रथम अपील आवेदन में उल्लेख किया है कि उन्हें अभी तक सूचना प्राप्त नहीं हुई है ।

2. संबंधित संचिका (प्रथम अपील आवेदन एवं आर.टी.आई. आवेदन) का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता के उक्त आर.टी.आई. आवेदन से संबंधित सूचना श्री के. एल. दास, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा पत्र सं. CICOM/R/2018/00985-DR (IC-BJ) के माध्यम से दिनांक 13.11.2018 को प्रेषित की गई है एवं अपीलकर्ता द्वारा प्रथम अपील दिनांक 19.11.2018 को दाखिल की गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रथम अपील दाखिल करने से पूर्व अपीलकर्ता को वांछित सूचना प्राप्त नहीं हो सकी है । अतः अपीलकर्ता के सुलभ संदर्भ हेतु श्री के. एल. दास द्वारा प्रदान की गई सूचना की प्रति इस आदेश के साथ पुनः संलग्न है ।

3. श्री के. एल. दास, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान गई सूचना बिल्कुल तथ्यानुसार है तथा इसमें प्रथम अपीलीय अधिकारी के हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है ।

4. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

5. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली – 110067 में की जा सकती है ।

सूचना अधिकार अधिनियम के तहत प्रथम अपील आवेदन हेतु कोई शुल्क देय नहीं है, अतः प्रथम अपील आवेदन के साथ संलग्न पचास रु0 का भारतीय पोस्टल आर्डर सं. 78 जी 792571 अपीलकर्ता को वापस किया जाता है ।

संलग्नक – 1. श्री के. एल. दास द्वारा प्रदान की गई सूचना की प्रति
2. पचास रु0 का भारतीय पोस्टल आर्डर सं. 78 जी 792571

(आर. के. सिंह)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी
दूरभाष – 011-26162290

C. I. C./कें॰ सू॰ आ॰
RECEIVED
07 DEC 2018
D. No.........
Initials.........

प्रतिलिपि :
1. केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।